# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## अभ्यास प्रश्न-पत्र
## सत्र: 2024-25

**विषय: सामाजिक विज्ञान)** **कक्षा : VIII**

**अवधि: $2\frac{1}{2}$ घंटे** **अधिकतम अंक: 60**

**सामान्य निर्देश:**

(i) इस प्रश्न पत्र में छः खंड हैं- क, ख, ग, घ, ङ और च। प्रश्न पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) खंड क- प्रश्न संख्या 1.i. से 1.xv तक, बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 1 अंक का है।

(iii) खंड ख- प्रश्न संख्या 2 से 5 तक, अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iv) खंड ग- प्रश्न संख्या 6 एवं 7, लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) खंड घ- प्रश्न संख्या 8 एवं 9, दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) खंड ङ - प्रश्न संख्या 10 से 13 तक, केस आधारित प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में 3 उप प्रश्न हैं।

(vii) खंड च- प्रश्न संख्या 14 एक मानचित्र आधारित प्रश्न हैं जो 5 अंकों का है।

(viii) मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर **दृष्टिबाधित विद्यार्थियों** के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

(ix) प्रश्न पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प प्रदान नहीं किया गया है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का उत्तर लिखिए।

(x) इसके अलावा जहाँ भी आवश्यक है प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| प्रश्न. सं. | खण्ड क (बहुविकल्पीय प्रश्न) | अंक<br>1X15=15 |
|---|---|---|
| 1.i | निम्नलिखित में से कौन – सा भारतीय संविधान की एक विशेषता है?<br>A. संघवाद<br>B. तानाशाही<br>C. राजतंत्र<br>D. राजकीय धर्म | 1 |
| 1.ii | राज्यसभा की अध्यक्षता कौन करता है?<br>A. राष्ट्रपति<br>B. उपराष्ट्रपति<br>C. प्रधानमंत्री<br>D. गृहमंत्री | 1 |
| 1.iii | भारत में 200 रू का नोट जारी होना चाहिए अथवा नहीं' इस विषय पर निर्णय लेने का अधिकार किस सरकार के पास है?<br>A. भारतीय चुनाव आयोग<br>B. केन्द्रीय सतर्कता आयोग<br>C. केन्द्र सरकार<br>D. राज्य सरकार | 1 |
| 1.iv | अनुज को एक विशेष राज्य का होने के कारण दूसरे राज्य में कार्य करने से रोका जाता हैं। बताइए अनुज के किस मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है?<br>A. समानता का अधिकार<br>B. शिक्षा का अधिकार<br>C. स्वतंत्रता का अधिकार<br>D. संवैधानिक उपचार का अधिकार | 1 |
| 1.v | निम्नलिखित में से क्या न्यायपालिका का कार्य है?<br>1. विवादों का निपटारा<br>2. न्यायिक समीक्षा<br>3. मौलिक अधिकारों का क्रियान्वयन<br>विकल्प<br>A. केवल 1<br>B. केवल 2<br>C. केवल 1 व 3<br>D. सभी 1, 2 व 3 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 1.vi | भारतीय संविधान का कौन –सा अनुच्छेद अस्पृश्यता का निषेध करता हैं?<br>A. अनुच्छेद 14<br>B. अनुच्छेद 15<br>C. अनुच्छेद 17<br>D. अनुच्छेद 19 | 1 |
| 1.vii | माझा प्रवास पुस्तक के लेखक कौन थे?<br>A. राम भट्ट गोडसे<br>B. विष्णु भट्ट गोडसे<br>C. श्याम भट्ट गोडसे<br>D. कृष्ण भट्ट गोडसे | 1 |
| 1.viii | प्लासी की लडाई में नवाब सिराजुद्दौला की हार का क्या कारण था?<br>A. मीर जाफर की टुकड़ियों का युद्ध में भाग नहीं लेना।<br>B. मीर जाफर का युद्ध से पूर्व मारा जाना।<br>C. मीर जाफर का युद्ध क्षेत्र में घायल हो जाना।<br>D. नवाब सिराजुद्दौला का सेनापति मीर जाफर पर अविश्वास। | 1 |
| 1.ix | निम्नलिखित में से किनका संबंध 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना से हैं?<br>1. विलियम जोन्स<br>2. नैथेनियल हॉलहेड<br>3. हेनरी थॉमस कोलब्रुक<br>4. विलियम एडम<br>**विकल्प**<br>A. केवल 1 व 3<br>B. केवल 2<br>C. केवल 1, 2 व 3<br>D. केवल 2 व 4 | 1 |
| 1.x | लार्ड कर्जन ने बंगाल का विभाजन किस वर्ष किया?<br>A. 1905<br>B. 1910<br>C. 1915<br>D. 1920 | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 1.xi | बहादुर शाह जफर ने अपने जीवन के अंतिम वर्ष किस जेल में व्यतीत किए?<br>A. सेल्युलर जेल<br>B. रंगून जेल<br>C. तिहाड जेल<br>D. यरवड़ा जेल | 1 |
| 1.xii | बंगाल में पहली इंग्लिश फैक्टरी 1651 में ........................ नदी के किनारे स्थापित की गई।<br>A. हुगली<br>B. कृष्णा<br>C. यमुना<br>D. सिंधु | 1 |
| 1.xiii | आप्रवास किसे कहते हैं?<br>A. जब एक व्यक्ति नए देश में जाता हैं।<br>B. जब कोई व्यक्ति साक्षरता हासिल नहीं कर पाता है।<br>C. जब किसी शिशु का जन्म होता है।<br>D. जब किसी शिशु की मृत्यु होती है। | 1 |
| 1.xiv | किस फसल को सुनहरा रेशा भी कहा जाता है?<br>A. पटसन<br>B. चावल<br>C. गेहूँ<br>D. कपास | 1 |
| 1.xv | नीचे दिए गए प्रश्न में, दो कथन दिए गए हैं। एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन** (स): जल एक नवीकरणीय संसाधन है।<br>**कारण** (क): पृथ्वी को जल ग्रह भी कहा जाता है।<br>**विकल्प** :<br>A. अभिकथन (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।<br>B. अभिकथन (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।<br>C. अभिकथन (स) सही है परंतु कारण (क) गलत है।<br>D. अभिकथन (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | खण्ड ख (अति लघुउत्तरीय प्रश्न) | 4x2=8 |
| 2 | (a) चावल उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>(b) गेहूँ उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। | 2<br><br>2 |
| 3 | भारत में अंग्रेजी शासन को बढ़ाने में 'विलय की नीति' का महत्व बताइए। | 2 |
| 4 | कृषि आधारित उद्योग के कोई दो उदाहरण लिखिए। | 2 |
| 5 | (a) नीचे एक काल्पनिक संसद के आंकडे तालिका के माध्यम से दर्शाए गए है, उनका अध्ययन करके पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>दल का नाम — सांसदों की संख्या<br>विकास संघ — 50<br>व्यापार पार्टी — 40<br>संग्राम पार्टी — 20<br>कुल — 110<br>i. बहुमत के लिए कितने सांसदों की आवश्यकता है?<br>ii. सरकार बनाने की किसी एक संभावना को व्यक्त कीजिए।<br>अथवा<br>(b) 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने क्या प्रमुख मांगें रखी? | <br><br><br><br><br><br><br>**1**<br>**1**<br><br>**2** |
| | खण्ड ग (लघुउत्तरीय प्रश्न) | 2x3=6 |
| 6 | (a) शिक्षा को लेकर महात्मा गांधी के विचारों की व्याख्या कीजिए।<br>अथवा<br>(b) रविन्द्र नाथ टैगोर के शिक्षा के संदर्भ मे ंविचारों का वर्णन कीजिए। | 3<br><br>3 |
| 7 | (a) राज्यसभा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।<br>अथवा<br>(b) लोकसभा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। | 3<br><br>3 |
| | खण्ड **घ** (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) | 2x5=10 |
| 8 | संयुक्त राज्य अमेरिका में किसान एक व्यवसायी की तरह काम करता है न कि एक खेतिहर किसान की तरह। कथन की व्याख्या कीजिए। | 5 |
| 9 | (a) 'सहमति का विचार लोकतंत्र की प्रस्थानबिंदु है।' कथन के आलोक में उन प्रवाधानों की वर्णन कीजिए जो भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं।<br>अथवा<br>(b) कानून निर्माण की प्रक्रिया में संसद की भूमिका का वर्णन कीजिए। | 5<br><br>5 |

| दल का नाम | सांसदों की संख्या |
|---|---|
| विकास संघ | 50 |
| व्यापार पार्टी | 40 |
| संग्राम पार्टी | 20 |
| कुल | 110 |

| | | |
|---|---|---|
| | खण्ड ङ (केस आधारित प्रश्न) | 4x4=16 |
| 10 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br>'नादिरशाह के आक्रमण के परिणामस्वरूप दिल्ली में जो विध्वंस हुआ, उसका वर्णन समकालीन प्रेक्षकों ने किया था। इनमें से एक ने मुग़ल कोष से जिस तरह धन लूटा गया था, उसका वर्णन इस तरह से किया है: 'साठ लाख रुपए और कई हज़ार सोने के सिक्के, लगभग एक करोड़ रुपए के सोने के बर्तन, लगभग पचास करोड़ रुपए के गहने, जवाहरात और अन्य चीजें ले गया, जिनमें से कुछ तो इतनी बेशकीमती थीं कि दुनिया में उनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता है, जैसे-तख्ते ताउस यानी मयूर सिंहासन। एक अन्य वृत्तांत में दिल्ली पर आक्रमण के प्रभाव का वर्णन मिलता है: जो कभी मालिक थे, अब बड़ी दर्दनाक हालत में आ गए। जिन्हें कभी भरपूर आदर-इज़्ज़त दी जाती थी, उन्हें अब प्यास बुझाने के लिए पानी भी नहीं मिलता। अलग-थलग पड़े लोगों को उनके कोनों से खींचकर बाहर निकाल दिया गया। दौलतमंदों को भिखारी बना दिया गया। जो शौकीन लोग कभी तरह-तरह के सुंदर कपड़े पहनकर पोशाकों का नया-नया फैशन चलाते थे, अब नंगे घूमने लगे और जिनके पास ज़मीन-जायदाद की कोई कमी नहीं थी वे अब बेघर हो गए... नया शहर (शाहजहाँनाबाद) अब मलबे का ढेर बन गया। (नादिरशाह ने) तब शहर के पुराने मोहल्लों पर हमला बोला और वहाँ की सारी की सारी दुनिया को तबाह कर डाला...'<br><br>(10.1) शाहजहाँनाबाद को मलबे के ढेर में किसने बदल दिया? (1)<br>(10.2) 'जिनके पास ज़मीन-जायदाद की कोई कमी नहीं थी वे अब बेघर हो गए...' उपरोक्त कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (1)<br>(10.3) नादिरशाह के आक्रमण के किन्हीं दो प्रभावों को लिखिए। (2) | (1+1+2=4) |
| 11 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>पृथ्वी के चारों ओर फैली वायु की पतली परत को वायुमंडल कहते हैं। पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल अपनी चारों ओर के वायुमंडल को थामे रखता है। यह सूर्य की झुलसाने वाली गर्मी एवं हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करता है। इसमें कई प्रकार की गैसें, धूल कण एवं जलवाष्प उपस्थित रहते हैं। वायुमंडल में परिवर्तन होने से मौसम एवं जलवायु में परिवर्तन होता है। पादप एवं जीव जंतु मिलकर जैवमंडल या सजीव संसार का निर्माण करते हैं। यह पृथ्वी का वह संकीर्ण क्षेत्र है जहाँ थल, जल एवं वायु मिलकर जीवन को संभव बनाते हैं।<br><br>(11.1) वायुमंडल किन पदार्थों से बना है? (1)<br>(11.2) जैवमंडल का क्या अर्थ है? (1)<br>(11.3) वायुमंडल हमारे लिए किस प्रकार लाभदायक है? (2) | (1+1+2=4) |
| 12 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>भारत के हर राज्य में एक विधानसभा है। हर राज्य कई निर्वाचन क्षेत्रों में बँटा हुआ है, हर निर्वाचन क्षेत्र से जनता एक प्रतिनिधि चुनती है, जो विधानसभा का सदस्य यानी विधायक बन जाता है। आपने ध्यान दिया होगा कि चुनाव में लोग अलग-अलग पार्टियों के नाम से खड़े होते हैं। इसलिए ये विधायक अलग-अलग राजनीतिक दलों के होते हैं। जो लोग विधायक होते हैं, वे मंत्री या मुख्यमंत्री कैसे बन जाते हैं? जिस राजनीतिक दल के विधायक आधे से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में जीत जाते हैं, राज्य में उस दल को बहुमत में माना जाता है। बहुमत प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल को सत्ता पक्ष और अन्य सबको विरोधी पक्ष वाला कहा जाता है।<br><br>(12.1) निर्वाचन क्षेत्र क्या होता है? (1)<br>(12.2) राज्य की विधानसभा के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से चुने हुए लोगों को क्या कहा जाता है? (1)<br>(12.3) राज्य सरकार के गठन में सत्ता पक्ष एवं विरोधी पक्ष का क्या अर्थ है? (2) | (1+1+2=4) |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | **दिए गए गद्यांश को पढ़िए एवं नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**<br><br>सभी महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में भूमि भी शामिल है। भू पृष्ठ के कुल क्षेत्रफल का लगभग 30% भाग भूमि है। यही नहीं इस थोड़े से प्रतिशत की भी सभी भाग आवास योग्य नहीं है। मुख्यतः भूमि और जलवायु के भिन्न-भिन्न लक्षणों के कारण विश्व के विभिन्न भागों में जनसंख्या का वितरण असमान पाया जाता है। उबर-खाबर स्थलाकृति, पर्वतों के तीव्र ढाल, जल आक्रांत संभावित निम्न क्षेत्र, मरुस्थल क्षेत्र एवं सघन वन क्षेत्र सामान्यतः विरल तथा निर्जन हैं। मैदानों और नदी घाटियों में कृषि के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध है इसलिए यह स्थान विश्व के सघन बसे क्षेत्र हैं।<br><br>(13.1) भूमि एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है, क्यों? (1)<br><br>(13.2) मरुस्थलीय एवं सघन वन वाले क्षेत्रों की अपेक्षा मैदानी इलाकों और नदी घाटियों में जनसंख्या अधिक क्यों पायी जाती है? (1)<br><br>(13.3) विश्व में जनसँख्या का वितरण असमान क्यों है? (2) | (1+1+2=4) |
| | खण्ड च (मानचित्र आधारित प्रश्न) | 1x5=5 |
| 14 | भारत के दिए गए राजनीतिक रेखामानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच स्थानों को उचित संकेतों द्वारा दर्शाइए एवं उनके नाम लिखिए-<br>A. दिल्ली<br>B. झाँसी<br>C. लखनऊ<br>D. बरेली<br>E. बनारस<br>F. अलीगढ़ | 5x1=5 |
| | निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर** दिया गया है। (**किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल कीजिए**)-<br><br>A. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ मुग़ल बादशाह बहादुर शाह ज़फर ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>B. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ रानी लक्ष्मीबाई ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>C. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ मंगल पांडे को अपने अफसरों पर हमला करने के आरोप में फांसी पर लटका दिया था।<br>D. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ नाना साहेब ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>E. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ वीर कुँवर सिंह ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था।<br>F. उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ रानी अवंति बाई लोधी ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया था। | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |



भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½
Tropic of cancer
20°
16°
12°
8°
Scale
1cm=175 Kms (approx)